an>

Title: Need to provide central assistance to Uttar Pradesh for natural calamities.

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश के 22 करोड़ लोगों की भावनाओं को भारत सरकार तक पहुंचाना चाहता हूं। सरकार के गठन में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री सहित सत्ता पक्ष के73 माननीय सांसद जो उत्तर प्रदेश से चुन कर आये हैं। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वह अपने संसाधनों से जो कर सकते थे, वह किया है, लेकिन केन्द्र सरकार के ऊपर उत्तर प्रदेश की जनता का जो हक बनता है, उन तमाम मुद्दों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी ने लगभग 100 पत्र देश के प्रधानमंत्री जी सहित देश के विभिन्न मंत्रियों को लिखा है। इस बात का बड़ा अफसोस है कि प्रधानमंत्री जी सहित तमाम मंत्रियों ने उसका जवाब तक देना उचित नहीं समझा। जवाब के साथ-साथ उत्तर प्रदेश का जो अधिकार बनता है, मैं कुछ अधिक समय चाहूंगा क्योंकि 22 करोड़ लोगों की बात है, बेसिक शिक्षा में शिक्षकों की वेतन के लिए 3585 करोड़ रुपये की मांग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने रखी है, जिसको अभी तक सरकार ने स्वीकार नहीं किया है। सदन में मध्याह्न भोजन के रसोइयों की कई बार चर्चा हुई, माननीय मुख्य मंत्री जी ने उनका वेतन 2000 रुपये करने की मांग रखी है। इसी तरह से पेयजल के संकट की बात चल रही है, पेयजल के लिए भी उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने भारत सरकार से मांग की है। बुंदेलखंड के सूखा के बारे में पूरा देश गंभीर था, विन्ध क्षेत्र, उत्तर प्रदेश का 2360 करोड़ रुपये की मांग माननीय मुख्यमंत्री जी ने रखी है। ...(व्यवधान)

इसी तरह से अनुसूचित जाति के लोगों, जिनके बारे में हम दो बजे के बाद चर्चा करेंगे, लगभग 1425 करोड़ रुपये की मांग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने आपसे मांग की है। अगर हम रेल, सड़क, बिजली विभाग, एव अन्य सभी योजनाओं को जोड़ने का काम करेंगे तो 60,000 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश का बकाया केन्द्र सरकार के ऊपर है।

हम आपके माध्यम से सरकार से अपील करेंगे और उत्तर के जो बहुत सारे लोग चुनाव जीत कर आये हैं, उत्तर प्रदेश की जनता देख रही है कि जहां प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को विकास के रास्ता पर खड़ा किये हैं, वही 73 माननीय सांसद कोई सहयोग नहीं कर रहे हैं। ...(व्यवधान) अगर आप सहयोग नहीं करेंगे तो मैं आज कह रहा हूं कि वर्ष 2019 में मोदी जी भी चाह कर आपको जीता नहीं पायेंगे। मैं जिम्मेदारी से कह रहा हूं। इसलिए आपसे मांग है कि केन्द्र के लोग, केन्द्र की सरकार, जो उत्तर प्रदेश की जनता का हक है, उत्तर प्रदेश की जनता की मांग है, जिस विकास के दावे के साथ प्रधानमंत्री जी आये थे, उस दावे को सच्चाई में परिवर्तित करें और उत्तर प्रदेश की जनता की विकास की रूकी हुई योजनाओं को आगे बढ़ाने का काम करे, ताकि उत्तर प्रदेश देश के अंदर एक बेहतरीन प्रदेश बन सके। ...(व्यवधान) मैं इस मांग के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।